Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- उदयपुर में संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जोन उदयपुर के लिए दलाल 30,000/— रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 10 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बांसवाडा इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये **डॉ. रतन बिलवाल संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जोन उदयपुर** के लिए उसके **दलाल अब्दुल कादिर** को रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी बांसवाडा को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के लेब में सोनोग्राफी मशीन के उपयोग हेतु रेडियोलोजिस्ट डॉक्टर के नाम जोडने के रजिस्ट्रेशन कि स्वीकृति जारी करने हेतु अपने दलाल के माध्यम से 1,30,000/— रूपये रिश्वत राशि कि मांग कि जा रही है। जिस पर रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवाया गया तो आरोपी डॉ. रतन बिलवाल संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐ जोन उदयपुर द्वारा अपने दलाल अब्दुल कादिर के माध्यम से 30,000/— रूपये लेने कि सहमति व्यक्त कर रिश्वत की मांग कि गई।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरवीजन में **रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक** ए.सी.बी. बांसवाडा के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी के दलाल अब्दुल कादिर को डॉ. रतन बिलवाल संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐ जोन उदयपुर के लिए 30,000/— रूपये रिश्वत राशि गिनकर ग्रहण की गई दलाल को ट्रेप कार्यवाही की भनक लगने से रिश्वती राशि परिवादी के कार्यालय में रखकर भाग गया। जिस पर परिवादी से आरोपी डॉ. रतन बिलवाल एवं दलाल अब्दुल कादिर कि रिश्वत मांग में स्पष्ट संलिप्तता होने पर दलाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी डॉ. रतन बिलवाल को कार्यवाही की भनक लग जाने से कार्यालय से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरवीजन में आरोपी दलाल अब्दुल कादिर से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में आरोपीगण के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 94135—02834** पर 24X7 संपर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण